07.07.2025 आकाशवाणी मध्यप्रदेश 07.10pm
प्रादेशिक समाचार

मुख्य समाचार :–

- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने ब्रिक्स देशों से सामूहिक रूप से एआई के उपयोग को जिम्मेदारी पूर्वक आगे बढ़ाने का आह्‌वान किया।
- मुख्यमंत्री ने लुधियाना में निवेशकों से किया संवाद, कहा- एमपी में गारमेंट और टेक्सटाइल सेक्टर में निवेश की अपार संभावनाएं।
- केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने मक्का की खेती को बढ़ावा देने पर जोर दिया।
- सावन से पहले प्रदेश में जमकर बरस रहे बादल। हरदा, नर्मदापुरम, विदिशा सहित 8 जिलों में भारी बारिश का अलर्ट।

मोदी-ब्रिक्स

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा है कि किसी भी देश को अत्यन्त महत्वपूर्ण खनिजों, प्रौद्योगिकी और आपूर्ति श्रृंखलाओं का अपने स्वार्थ के लिए हथियार के रूप में उपयोग नहीं करना चाहिए। रियो डी जेनेरो में ब्रिक्स शिखर सम्मेलन के दौरान संवाद सत्र में श्री मोदी ने कहा कि महत्वपूर्ण खनिजों और प्रौद्योगिकी क्षेत्र में सहयोग बढाकर आपूर्ति श्रृंखलाओं को सुरक्षित और लचीला बनाने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि ब्रिक्स न्यू डेवलपमेंट बैंक परियोजनाओं में मांग आधारित निर्णय लेने, वित्तीय स्थिरता और अच्छी क्रेडिट रेटिंग बनाए रखने पर ध्यान केंद्रित किया जाना चाहिए। प्रधानमंत्री ने कहा कि 21वीं सदी में लोगों की प्रगति और कल्याण काफी हद तक प्रौद्योगिकी, विशेष रूप से आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस-एआई पर निर्भर है। श्री मोदी ने कहा कि भारत ए आई को मानवीय मूल्यों और क्षमता को बढ़ाने के माध्यम के रूप में देखता है। प्रधानमंत्री ने एआई का जिम्मेदारी से उपयोग करने की आवश्यकता पर बल दिया।

सीएम-निवेश

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने आज लुधियाना में मध्यप्रदेश की निवेश संभावनाओं पर आयोजित 'इंटरैक्टिव सेशन ऑन इन्वेस्टमेंट अपॉर्च्युनिटीज इन मध्यप्रदेश' को संबोधित किया। इस दौरान डॉ. यादव ने कहा कि मध्यप्रदेश में गारमेंट और टेक्सटाइल सेक्टर के लिए विशेष अवसर उपलब्ध हैं। उन्होंने बताया कि इंदौर की हुकुमचंद मिल को पुनर्जीवित करने की दिशा में कार्य हो रहा है और मजदूरों के हितों को प्राथमिकता देते हुए सौ करोड़ रु. से अधिक के सेटलमेंट क्लियर किए गए हैं। कार्यक्रम के बाद मुख्यमंत्री ने बताया कि लुधियाना में 400 से अधिक उद्योगपतियों के साथ हमारा ओपन सेशन हुआ। उन्होंने बताया कि 15 से अधिक बड़े-बड़े उद्यमियों से मिलने का मौका मिला।

इससे पहले मुख्यमंत्री ने लुधियाना स्थित वर्धमान औद्योगिक परिसर में पंजाब के प्रमुख उद्योगपतियों से भेंट की और उन्हें राज्य की समावेशी, उदार और निवेश-अनुकूल नीतियों की जानकारी दी।

ग्रोथ कॉन्क्लेव

प्रदेश में रीयल एस्टेट की गतिविधियों के विस्तार के लिये नगरीय विकास एवं आवास विभाग द्वारा 11 जुलाई को इंदौर के ब्रिलिएंट कन्वेंशन सेंटर में "मध्यप्रदेश ग्रोथ कॉन्क्लेव" का आयोजन किया जा रहा है। "नेक्स्ट होराइजन: बिल्डिंग सिटीज़ ऑफ टुमारो" थीम पर आधारित यह कॉन्क्लेव राज्य के शहरी विकास और निवेश के लिये नए क्षितिज खोलने का माध्यम बनेगा। 'उद्योग एवं रोजगार वर्ष 2025' के अंतर्गत इस आयोजन का उद्देश्य प्रदेश की नगरीय अधोसंरचना को भविष्योन्मुखी बनाना, सतत विकास को गति देना और व्यापक निवेश आकर्षित करना है।

नड्डा-स्वास्थ्य सेवा

केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जगत प्रकाश नड्डा ने कहा है कि राष्ट्र सभी के लिए सुलभ, सस्ती और समान स्वास्थ्य सेवा के अपने लक्ष्य को पूरा करने के लिए तैयार है। श्री नड्डा ने कहा कि एक लाख 77 हजार से अधिक आयुष्मान आरोग्य मंदिर के माध्यम से लोगों की स्वास्थ्य सेवा तक पहुंच बढ़ रही है। ई-संजीवनी और टेलीमानस जैसे प्लेटफार्मों के जरिए विशेषज्ञ देखभाल तक समान पहुंच को बढ़ावा मिला है। केंद्रीय मंत्री ने राष्ट्रीय दैनिक में एक लेख में कहा कि मिशन इंद्रधनुष के अंतर्गत पांच करोड़ 46 लाख बच्चों और एक करोड़ 32 लाख गर्भवती महिलाओं का टीकाकरण किया गया। उन्होंने कहा कि संयुक्त राष्ट्र की मातृ मृत्यु अनुमान अंतर-एजेंसी समूह की रिपोर्ट के अनुसार भारत में मातृ मृत्यु दर में 86 प्रतिशत की गिरावट देखी गई है, जो 48 प्रतिशत की वैश्विक औसत की गिरावट से लगभग दोगुनी है।

चौहान - मक्का उत्पादन

कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने देश में मक्का की खेती को बढ़ावा देने के लिए बहु-हितधारक दृष्टिकोण अपनाने का आह्वान किया है। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि इस लक्ष्य को पूरा करने के लिए राज्य और केंद्र सरकार के वैज्ञानिकों, किसानों, कृषि विश्वविद्यालयों और उद्योगों को मिलकर काम करना चाहिए। श्री सिंह ने आज नई दिल्ली में फिक्की के 11वें भारत मक्का शिखर सम्मेलन को संबोधित करते हुए यह बात कही। इस अवसर पर

श्री सिंह ने मक्का की खेती में उनके असाधारण योगदान के लिए किसानों को सम्मानित भी किया। श्री चौहान ने एक राष्ट्र, एक कृषि और एक  एक टीम के विचार पर केंद्रित एक टीम बनाने पर जोर दिया। उन्होंने फिक्की से व्यापक चर्चा करने और ऐसी सिफारिशें देने का भी आग्रह किया, जो किसानों के साथ-साथ अन्य हितधारकों की भी मदद कर सकें।

<u>प्रमोशन रोक</u>

जबलपुर उच्च न्यायालय ने प्रमोशन में आरक्षण पर फिलहाल रोक लगा दी है। आज पदोन्नति के नए नियमों को लेकर सुनवाई हुई। अदालत ने सरकार से पूछा कि पुराने नियम और नए नियम में क्या फर्क है? मामले की अगली सुनवाई 15 जुलाई को होगी।

<u>स्नातकोत्तर कक्षाएं</u>

उच्च शिक्षा विभाग ने सत्र 2025-26 में, महाविद्यालयों में स्नातकोत्तर कक्षाओं में प्रवेश के लिए तिथि में वृद्धि की है। उच्च न्यायालय के आदेश के परिपालन में, उच्च शिक्षा विभाग द्वारा पीजी सत्र 2025-26 में ऑनलाइन प्रवेश अंतर्गत सीएलसी चरण के लिए अद्यतन समय सारणी जारी की गई है। जारी समय सारणी के अनुसार इच्छुक विद्यार्थी 10 जुलाई तक ऑनलाइन पंजीयन/आवेदन कर सकेंगे। पंजीकृत आवेदनों के दस्तावेजों का सत्यापन 11 जुलाई तक होगा। मेजर माइनर के अलावा अन्य विषयों में आवेदन करने वाले विद्यार्थियों को साक्षात्कार के दिनांक, स्थान एवं समय की सूचना 14 जुलाई को दी जाएगी। विद्यार्थियों को महाविद्यालयों में सीट का आवंटन 21 जुलाई को होगा।

<u>मौसम</u>

प्रदेश के कई जिलों में लगातार तेज बारिश होने की वजह से हालात बिगड़ने लगे हैं। राजस्थान के कोटा से कल पिकनिक मनाने गरोठ के भानपुरा आए दो युवकों की गांधी सागर डैम में डूबने से मृत्यु हो गई।  मौत हो गई। घटना रविवार शाम 7 बजे की है। सीहोर जिले के पार्वती और पपनाश नदी भारी बारिश के चलते उफान पर हैं। मंडला में पिछले 24 घंटे में हुई भारी बारिश से नर्मदा नदी का जलस्तर खतरे के निशान से ऊपर पहुंच गया है। भारी बारिश के कारण जबलपुर, उमरिया, मंडला, डिंडौरी, बालाघाट और अनूपपुर में स्कूलों और आंगनबाड़ियों की छुट्टी कर दी गई है। मौसम विभाग ने हरदा, नर्मदापुरम, विदिशा, रायसेन, गुना, अशोकनगर, श्योपुर और सिवनी में भारी बारिश जारी रहने का अलर्ट है। वहीं सीहोर, बैतूल, छिंदवाड़ा, पांढुर्णा, खंडवा, शिवपुरी, बालाघाट में मध्यम बारिश जारी रहेगी।

कुछ समाचार संक्षेप में .....

- सीहोर जिले में 5 वर्ष की आयु के बच्चों को स्वास्थ्य सेवाएं देने के लिए दस्तक अभियान सह स्टॉप डायरिया अभियान का आयोजन आगामी 22 जुलाई से 16 सितंबर तक किया जाएगा।

- अशोकनगर में पीएम पोषण शक्ति निर्माण अंतर्गत 15 आंगनवाडी केन्द्रों में संबधित स्व सहायता समूहों द्वारा समय पर नाश्ता एवं मीनू अनुसार भोजन वितरण न करने पर हटाये जाने की कार्यवाही की गई।

- निवाड़ी कलेक्टर ने राजस्व अधिकारियों को किसानों की फार्मर रजिस्ट्री तथा स्वामित योजना में प्रगति लाने के निर्देश दिए हैं।

- मध्यप्रदेश बाल अधिकार संरक्षण आयोग के अध्यक्ष द्रविंद्र मोरे दो दिवसीय प्रवास पर आज श्योपुर पहुंचे।

- नीमच में 9 जुलाई को सुबह 11 से दोपहर 3 बजे तक एमआरएफ एवं टाटा मोटर्स के राजकोट गुजरात प्लांट के लिए 12वी, आईटीआई उत्तीर्ण प्रशिक्षुओं की इंटरव्यू के माध्यम से 500 पदों की भर्ती की जाएगी।

- सागर कमिश्नर अनिल सुचारी ने संभाग में जल जीवन मिशन के अंतर्गत नल जल योजनाओं और हर घर जल योजनाओं के निर्माण कार्यों को तेजी से पूर्ण करने के निर्देश अधिकारियों को दिए हैं।

- आगरमालवा के प्राचीन व ऐतिहासिक शिवालय श्रीबैजनाथ महादेव मंदिर में देवशयनी एकादशी से श्रावण माह की उत्तर पूजन की शुरूआत भी हो गई है। जो पूरे श्रावण माह चलेगी।